राजस्थान पत्रिका, पेज नंबर :- 03
दिनांक :- 09/08/2026
अहमदाबाद, सुरत

**मेट्रो रूट पर बनेंगे 41 एलिवेटेड स्टेशन, सार्वजनिक निवेश बोर्ड ने दी मंजूरी**

# एसपी रिंग रोड पर दौड़ेगी मेट्रो, केन्द्र सरकार की जल्द मिल सकती है हरी झंडी

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**गांधीनगर.** अहमदाबाद के थलतेज गाम से सनाथल कोरिडोर के बद्राबाद तक मेट्रो विस्तार को सार्वजनिक निवेश बोर्ड (पीआइबी) ने मंजूरी दे दी है। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने निर्माण पूर्व की गतिविधियां शुरू कर दी हैं। केन्द्र सरकार के हरी झंडी मिलने के बाद सरदार पटेल रिंग रोड पर यहां मेट्रो का निर्माण प्रारंभ होगा। शीलज केनाल रोड से प्रारंभ होकर यह रूट सरदार पटेल रिंग रोड के समानांतर रहेगा और बोपल क्रॉस रोड्स, शांतीपुरा क्रॉस रोड्स होते हुए बद्राबाद पहुंचेगा।

प्रमुख स्टेशनों का विस्तार मेट्रो विस्तार में मुख्य स्टेशनों में गुजरात यूनिवर्सिटी, आइआइएम-ए, ओल्ड हाईकोर्ट, पालडी, कालूपुर रेलवे स्टेशन, अपेरल पार्क, वस्त्राल, ग्यासपुर डिपो शामिल हैं। थलतेज गांव को गोधावी में साउथ वेस्ट अहमदाबाद स्पोर्ट्स एरेना के साथ भी जोड़ा जाएगा। शीलज क्रॉस रोड्स के पास केनाल रोड बेल्ट पार कर यह रूट तक पहुंचेगा तथा रेलवे लाइन के समानांतर चलेगा। डिजाइन और तकनीकी कार्य जारी विस्तार की अंतिम डिजाइन के लिए डिजाइन सलाहकार नियुक्त किए गए हैं। भू-तकनीकी जांच चल रही है, जबकि यूटिलिटी मैपिंग और यूटिलिटी डायवर्जन के टेंडर जारी किए गए हैं। विस्तार के तहत 41 एलिवेटेड स्टेशन होंगे।

**शहर में पहला लूप मेट्रो रूट बनेगा:** वाडज से सर्कुलर कोरिडोर को भी मंजूरी मिली है, जिससे शहर में पहला लूप मेट्रो रूट बनेगा। जोड़ने वाले मार्ग व क्षेत्र एसपी रिंग रोड, एसजी हाईवे और अन्य मुख्य मार्गों के साथ मेट्रो के तीसरे चरण में पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम, उत्तर और पूर्व अहमदाबाद के कई प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ा जाएगा। विस्तार के बाद यातायात को नई दिशा मिलेगी।

## धोलेरा तक होगा विस्तार

**भविष्य** की योजनाएं और मंजूरी प्रक्रिया धोलेरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक 60 किमी का विस्तार प्रस्तावित है। प्रस्ताव अब अंतिम मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। इस रूट से अहमदाबाद के पश्चिम, उत्तर और पूर्व हिस्से जुड़ेंगे तथा भविष्य में बद्राबाद से धोलेरा एयरपोर्ट तक विस्तार की योजना है।